उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता,खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण) भदोही–221304
E-Mail Id-eeupjnsrn@gmail.com CUG Mobile No.- +91 9473942678

डाउनलोड जल सारथी ऐप

पत्रांक 5737 / कार्या - 05 / 71 दिनांक– 29.10.2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण,
6 राणा प्रताप मार्ग,
लखनऊ।

विषय :– **दैनिक भाषकर के ई–न्यूज में दिनांक 29.10.2026 में प्रकाशित ''रामेश्वरपुर के नल से पानी नहीं आ रहा : जल जीवन मिशन के नल के पास गन्दगी और घास, ग्रामीणो ने शिकायत की, प्रधान ने जल्द समाधान का भरोसा दिया '' के सम्बन्ध में।**

महोदय

उपरोक्त विषयक दैनिक भाषकर के ई–न्यूज में दिनांक 29.10.2026 में प्रकाशित **''रामेश्वरपुर के नल से पानी नहीं आ रहा : जल जीवन मिशन के नल के पास गन्दगी और घास, ग्रामीणो ने शिकायत की, प्रधान ने जल्द समाधान का भरोसा दिया''** के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि समाचार पत्र में प्रकाशित खबर विकास खण्ड भदोहीं की ग्राम पंचायत पिपरिस स्थित पिपरिस पाइप पेयजल योजना से सम्बन्धित नकारात्मक न्यूज प्रकाशित किया गया है।

उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम (फेज–02) के अन्तर्गत विकास खण्ड औराई के ग्राम पंचायत पिपरिस हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ के द्वारा चयनित फर्म मेसर्स वेलस्पन–कावेरी इन्फ्रा प्रोजेक्ट जे0वी0 के द्वारा पिपरिस पेयजल योजना का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। योजना में 01 नग नलकूप, 01 नग पम्प हाउस, 01 नग शिरोपरि जलाशय, सोलर पैनल, बाउण्ड्रीवाल, पाइप लाइन 34.57 कि०मी० एवं गृह जल संयोजन 1085 नग का कार्य प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यों के सापेक्ष नलकूप, पम्प हाउस. बाउण्ड्रीवाल, सोलर पैनल, शिरोपरि जलाशय कार्य पूर्ण हो चुका है। 1085 नग गृह जल संयोजन के सापेक्ष 475 नग एवं पाइप लाइन 34.57 किमी० के सापेक्ष 33.78 किमी०पूर्ण कर लिया गया है, शेष कार्य प्रगति पर हैं। योजना के अवशेष कार्यो को पूर्ण कराते हुये शीघ्र ही पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ कराने हेतु फर्म को निर्देशित किया गया है।

अतः उपरोक्तानुसार आख्या आप महोदय की सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित है।

भवदीय

(राजबली)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0स0 व दिनांक यथोक्त।

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

1. मुख्य अभियन्ता (वारा0क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) वाराणसी।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उप्र0 जल निगम (ग्रामीण) मीरजापुर।
3. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त का अनुपालन सुनिश्चित करें।
4. मेसर्स वेलस्पन–कावेरी इन्फ्रा प्रोजेक्ट जे0वी0, भदोही को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त कार्यो को ससमय पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता